## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला बाल संरक्षण की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 20 मई को

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 20 मई 2025 को दोपहर 12 बजे समय-सीमा बैठक पश्चात आहूत की गई है।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुगम एवं समावेशी मतदान हेतु जिला स्तर पर गठित समिति की बैठक 20 मई को

**रायगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग.रायपुर के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को अधिक से अधिक सुगम एवं समावेशी बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने हेतु जिला स्तरीय गठित समिति की बैठक 20 मई 2025 को अपरान्ह 3 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति आदेश जारी

**रायगढ़।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छ.ग.अंतर्गत रायगढ़ जिले के नियमित रिक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने हेतु जारी चयन सह प्रतीक्षा सूची के आधार पर ड्रेसर ग्रेड-1, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला की नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। नियुक्ति आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के सूचना पटल में चस्पा किया गया है एवं जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर अपलोड किया गया है।

### राज्यपाल अमृत भारत स्टेशन उद्घाटन पर आमंत्रित किए गए

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) रायपुर दयानंद ने भेंट कर अमृत भारत स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर उन्हें आमंत्रित किया।

### संविधान बचाओ यात्रा : बिलासपुर, चांपा, जांजगीर पहुंचे छग प्रभारी सचिन पायलट

**रायपुर (आरएनएस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज बिलासपुर पहुंच गये है वे चांपा जांजगीर में आयोजित संविधान बचाव यात्रा रैली में भाग लेंगे। चांपा जांजगीर के विधायक व्यास कश्यप ने बताया कि आज वे जांजगीर चांपा आएंगे इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भूपेश बघेल दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। सचिव पायलट ने कहा कि कतिपय भाजपा नेता कर्नल सोफिया कुरैली पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। उन्हें तत्काल पद से बर्खास्त किया जाए। धर्म और महजब के नाम देश को बांटने की कोशिश हो रही है उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति का बयान बेतुका है। सरकार को तत्काल सत्र बुलाना चाहिए और स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। पिछले कई दिनों से कांग्रेस संगठन निष्क्रिय है सचिन पायलट के आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। सचिन पायलट ने कांग्रेसजनों को एकजुट होने का आह्वान किया।

### कोरबी-चोटिया क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप्प, उपभोक्ताओं में आक्रोश

**कोरबा (आरएनएस)।** पोडी उपरोड़ा ब्लाक के सुदूर वनांचल ग्रामीण क्षेत्रो में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई है। अभी तक विद्युत वितरण कंपनी के आला अधिकारियों ने विद्युत सप्लाई शुरू करने में अपनी रुचि नहीं दिखाई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में भी खामोशी है। शनिवार 17 मई को अचानक मौसम खराब होने से कोरबी एवं सिरमिना फीडर में खराबी आ जाने के कारण 70 से अधिक गांवों में आपूर्ति पुरी तरह ठप्प हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि 24 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाने से पीने का शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं हो रहा है एवं जेठ महीने की तपिश, भारी उमस से बचने के लिए ग्रामीण घर में लगे पंखे,कूलर का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आवश्यक वस्तु मोबाइल को भी चार्ज करना दुश्वार हो गया है।

# छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

प्रदेश में वर्तमान में 30 हजार 700 शासकीय प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। वहीं 13 हजार 149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह अनुपात 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में शिक्षक संसाधनों की कमी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश की 212 प्राथमिक शालाएं पूर्णत: शिक्षक विहीन हैं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इसी प्रकार 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन हैं तथा 255 शालाएं एकल शिक्षकीय श्रेणी में आती हैं।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्राथमिक शालाओं में 60 छात्रों तक 2 सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक रखने का प्रावधान है। पूर्व माध्यमिक शालाओं में 105 छात्रों तक 3 शिक्षक और 1 प्रधान पाठक तथा प्रत्येक 35 छात्रों पर एक अतिरिक्त शिक्षक नियुक्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ में कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान पाठक के पद अधिनियम के लागू होने से पहले से स्वीकृत हैं, इसलिए शिक्षक गणना में इन पदों को भी सम्मिलित किया गया है। वर्ष 2008 के बाद प्रारंभ हुए विद्यालयों में प्रधान पाठक का पद स्वीकृत नहीं है।

प्रदेश में इस समय प्राथमिक शालाओं में कुल 77 हजार 845 सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55 हजार 692 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं में 2-2 तथा एकल शिक्षकीय शालाओं में 1-1 अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की जाए तो कुल 7 हजार 296 सहायक शिक्षकों की आवश्यकता होगी, जबकि उपलब्ध अतिशेष सहायक शिक्षक केवल 3 हजार 608 हैं। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक स्तर पर शिक्षक विहीन शालाओं में 4, एकल शिक्षकीय में 3, दो शिक्षकीय में 2 और तीन शिक्षकीय में 1 अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी। इस मानक के अनुसार कुल 5 हजार 536 शिक्षकों की आवश्यकता बनती है, जबकि केवल 1 हजार 762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।

इससे यह स्पष्ट है कि राज्य में शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। उदाहरण के लिए, लगभग 1 हजार 500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3 हजार 465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1 हजार 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है। उच्च माध्यमिक व हाई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति विषय-वार सेटअप के अनुसार होती है, इस कारण वहाँ अतिशेष शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत नगण्य है।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि यह किसी भी विद्यालय को बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय होगा, न कि किसी विद्यालय या पद की समाप्ति। उदाहरण के लिए, यदि किसी परिसर में तीनों स्तर के विद्यालय हैं, तो प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का समायोजन उच्चतर विद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिससे भविष्य में बेहतर अधोसंरचना और शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

**युक्तियुक्तकरण के लाभ-**

शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी। अतिरिक्त शिक्षक की उपलब्धता बढ़ेगी। स्थापना व्यय में कमी आएगी। एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता से बच्चों के ड्रॉपआउट में कमी आएगी। लगभग 89 प्रतिशत बच्चों को तीन बार अलग-अलग स्तरों पर प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्र ठहराव दर में वृद्धि होगी। मजबूत अधोसंरचना प्रदान करना सुगम होगा।

छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर और समान वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरदर्शी एवं व्यावहारिक कदम है। इससे न केवल शालाओं की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ भी सुलभ रूप से प्राप्त होगा।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 31 जुलाई तक मंगाए गए ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़**




प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई 2025 तक मंगाए गए है। आवेदन प्राप्त किए जाने हेतु पोर्टल https://awards.gov.in 01 अप्रैल 2025 से लाइव कर दिया गया है। पुरस्कार हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेंगे। पोर्टल पर दो विकल्प है जिनमें आवेदक बच्चा स्वयं फार्म भर सकता है या कोई अन्य अर्थात माता-पिता/अधिकारी/शिक्षक आदि भी बच्चे का नामांकन कर सकते है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने हेतु भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी)की स्थापना की गई है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन बच्चों को उचित प्रोत्साहन देना है जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी एवं असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चे, जो रोल मॉडल है और जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, संरक्षण, कला, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है। पुरस्कार हेतु पात्र आवेदक जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है। कोई भी बच्चा, जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष (31 जुलाई 2025 को)से अधिक नहीं है। घटना/ उपलब्धि आवेदन/ नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए। आवेदक को किसी भी श्रेणी में पहले उसी पुरस्कार का प्राप्तकर्ता नहीं होना चाहिए।

## चोरी की बाइक के साथ आदतन बाइक चोर गिरफ्तार, जूटमिल पुलिस ने चोरी और संगठित अपराध धारा में कार्यवाही कर भेजा जेल

**रायगढ़**




थाना जूटमिल पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 मई 2025 को एक शातिर और आदतन बाइक चोर राहुल कालो को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पूर्व में भी चोरी के मामलों में कार्रवाई हो चुकी है, जिसे देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संगठित अपराध की धाराएं भी जोड़ी हैं।

मामले की शुरुआत 17 मई को हुई, जब सराईभद्दर जूटमिल निवासी संतोष साहू (25) ने थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 मई की सुबह 7 बजे उसने अपनी लिवो होंडा मोटरसाइकिल (CG-13-AJ-3899) को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पतंजलि गोदाम के सामने खड़ा किया था। जब वह 17 मई की रात करीब 3 बजे लौटा, तो बाइक वहां से गायब थी। इस सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 176/2025 धारा 303(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छातामुड़ा क्षेत्र में रहने वाला राहुल कालो चोरी की बाइक चलाते देखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के मेमोरेंडम पर पुलिस ने चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया, जिसकी कीमत करीब 25,000 रुपये बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपी राहुल कालो पिता सुग्रीव कालो (20 वर्ष), निवासी कुरूमकेल थाना लेफीपाड़ा जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा), हाल मुकाम छातामुड़ा, थाना जूटमिल, पूर्व में भी थाना कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। उसके लगातार अपराधों में लिप्त रहने और व्यवहार में सुधार नहीं होने को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने संगठित अपराध की धारा 112 BNS को भी प्रकरण में जोड़ा है।

थाना जूटमिल के निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक सुशील यादव और नरेश रजक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस तत्परता ने शहर में सक्रिय वाहन चोरों के खिलाफ सख्त संदेश दिया है।

## रायगढ़ पुलिस के विशेष अभियान में 296 स्थायी वारंट तामिल, 20 साल से छिपे हत्यारे समेत कई वारंटी गिरफ्तार

**रायगढ़**







पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में जिले भर में फरार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए 4 मई से 18 मई 2025 तक 15 दिवसीय चलाए गए विशेष अभियान में उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस अवधि में विभिन्न थानाक्षेत्रों से कुल 296 स्थायी वारंटियों की तामिली की गई, जिनमें कई आरोपी वर्षों से फरार चल रहे थे और कानून से बचते फिर रहे थे।

अभियान के दौरान थाना चक्रधरनगर के एक चर्चित प्रकरण में हत्या के आरोपी संतोष कहार को गिरफ्तार किया गया, जो वर्ष 2005 के अपराध क्रमांक 52/2005 में दोषसिद्ध होकर कारावास की सजा काट रहा था। वह पैरोल पर बाहर आने के बाद वापस जेल नहीं लौटा था और करीब 20 वर्षों से फरार था। पुलिस की टीम ने उसे इस विशेष मुहिम के तहत पकड़ने में सफलता प्राप्त की। इसी थाना क्षेत्र के एक अन्य आरोपी पर वर्ष 2007 के धोखाधड़ी के मामले क्रमांक 1678/2007 में वारंट लंबित था, जिसे भी गिरफ्तार किया गया। चौकी खरसिया के वर्ष 2007 के गृहभेदन (अपराध क्रमांक 255/2007), थाना खरसिया के 2009 के धोखाधड़ी (क्रमांक 278/2009), पुसौर थानाक्षेत्र के वर्ष 2013 के छेड़खानी (क्रमांक 102/2013), चौकी खरसिया और थाना घरघोड़ा के वर्ष 2015 के नकबजनी मामलों के आरोपी भी इस अभियान में गिरफ्त में आए। कई फरार आरोपी अन्य जिलों और प्रदेशों से भी गिरफ्तार किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक पटेल स्वयं प्रतिदिन इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उनके नेतृत्व में जिला पुलिस की टीमों ने तालमेल के साथ कार्य करते हुए अभियान को निर्णायक रूप से अंजाम दिया। अभियान में सर्वाधिक तामिली थाना जूटमिल द्वारा की गई, जहां 35 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद थाना चक्रधरनगर द्वारा 28, थाना घरघोड़ा ने 25 और धरमजयगढ़ ने 24 वारंट तामिल किए। अन्य थानों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

विशेष अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया है। इस कार्रवाई ने जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही आमजन में पुलिस की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का भी संदेश दिया है।

## राजधानी सहित पूरे प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा

**मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कल 20 मई को वर्षा में वृद्धि होने की संभावना है**

**रायपुर | आरएनएस**

पिछले कई दिनों से गरज चमक के साथ हो रही है जिसके कारण दिन की गर्मी और दोपहर बेमौसम वर्षा से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। मौसम विभाग डॉ. चंद्रा ने चेतावनी दी है कि दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक दो दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ 61 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 19 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बेमौसम वर्षा के कारण इस समय ग्रीष्मकालीन धान की फसल बर्बाद हो रही है वहीं नदी के तटों पर लगे मौसम फल जैसे तरबूज, खरबूज खराब हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार तेज अंधड़ के कारण कई स्थानों पर छाड़ एवं फ्लेक्स गिर गये हैं।

## पीएम शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में समर कैंप आयोजित : योग, ध्यान, खेल, टीम वर्क और ब्यूटी टिप्स जैसी गतिविधियों से बच्चों को जीवन प्रबंधन के कौशल सीखने में मिली मदद

**रायगढ़**







पीएम शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल, रायगढ़ में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चल रहे समर कैंप के अंतर्गत आज का दिन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, रचनात्मक और आनंद दायक अनुभवों से भरा रहा। कैंप में आयोजित विविध गतिविधियों ने बच्चों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दिन की शुरुआत प्रात: योग सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और स्ट्रेचिंग क्रियाओं का अभ्यास किया। इसके पश्चात आयोजित ध्यान सत्र ने छात्रों को आत्मचिंतन, एकाग्रता और मानसिक शांति का महत्व समझाया। इसके बाद विद्यार्थियों को टीम निर्माण से जुड़ी रोचक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इन खेलों और सामूहिक अभ्यासों ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, सहयोग, विश्वास और प्रभावी संवाद जैसे जीवन-कौशल सिखाए। बच्चों ने टीम में कार्य करते हुए अपने विचार साझा किए और समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर प्रयास किया।

विद्यालय की प्राचार्या रूबी सज्जू वर्गीस ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के विविध आयामों को भी समझें। इस प्रकार के समर कैंप बच्चों को एक समग्र शिक्षा का अनुभव देते हैं, जहाँ वे आनंद के साथ-साथ जीवन जीने की कला भी सीखते हैं। आज के समर कैंप ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय केवल पुस्तकीय शिक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम हैं। विद्यार्थियों की भागीदारी, रचनात्मकता और उनके चेहरों की मुस्कान इस आयोजन की सफलता की गवाही दे रही थी।

**खेल प्रतियोगिताओं में दिखा जोश और अनुशासन**

शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, रस्साकशी, कबड्डी, बैलेंस गेम आदि शामिल रहे। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की मिसाल पेश की।

**ब्यूटी टिप्स और प्रायोगिक गतिविधियाँ, आत्मविश्वास की नई उड़ान**

किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष रूप से एक सौंदर्य एवं स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में उन्हें त्वचा की देखभाल, बालों की सफाई, नैचुरल फेस पैक बनाना तथा व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित उपयोगी जानकारी दी गई। इन प्रयोगात्मक गतिविधियों ने आत्म-संवर्धन और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक भूमिका निभाई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480